भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1711

उत्तर देने की तारीख : 04.08.2025

सिक्किम राज्य में अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक योजनाएं

1711. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष, देश में, विशेष रूप से सिक्किम में, अल्पसंख्यकों के लिए शुरू की गई विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के लिए आवंटित और जारी की गई निधि का राज्य-वार/संघ-राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सिक्किम के सभी छह जिलों को आवंटित और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सिक्किम में ऐसी शिक्षा योजनाओं के तहत कितने लोगों ने आवेदन किया और लाभान्वित हुए, उनकी योजना-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने 6 अधिसूचित धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए मैट्रिकोत्तर, मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति और मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं को 2021-22 के बाद कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित नहीं किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, इस मंत्रालय द्वारा कोई नई शैक्षिक योजना शुरू नहीं की गई है।

*****